# उत्तराखंड में चीनी पर टकराव बढ़ा

बीएस संवाददाता
देहरादून, 20 अगस्त

**राशन** कार्डधारकों के लिए 32 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर चीनी खरीदने के कैबिनेट के निर्णय को लेकर उत्तराखंड में खाद्य विभाग को चीनी विभाग के साथ टकराव का सामना करना पड़ रहा है। दोनों विभागों के दो प्रमुख अधिकारियों के बीच टकराव पिछले कुछ महीनों के दौरान ऐसे समय में बढ़ गया है जब चीनी विभाग को अपने गोदामों में जमा चीनी बेचने की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। दूसरी तरफ चीनी विभाग भी सरकार नियंत्रित चीनी मिलों को खाद्य विभाग को 32 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर राशन कार्डधारकों के लिए चीनी बेचने की अनुमति देने को तैयार नहीं है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
21/8/14